# 'निराशा में चल रहे कोटा के कोचिंग सेक्टर को टॉप रैंक से सहारा मिलेगा'

## जेईई-एडवांस्ड में एलन में इस बार कोटा क्लासरूम से टॉप रैंक दी

- विपरीत परिस्थितियों में कोटा के कोचिंग सेक्टर में एक बार फिर अपने क्लासरूम से टॉप रैंक देखकर यह साबित कर दिया है कि आज भी कोटा इंजीनियरिंग और मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी श्रेष्ठतम स्थान रखता है
- 64 वर्षों के जेईइ एडवांस्ड के इतिहास में सर्वाधिक 360 में से 355 अंकों के साथ 98.61 पर्सेन्ट स्कोर प्राप्त किया

**कोटा,** (निसं)। कोचिंग स्टूडेंट के लिए केंद्र सरकार की नई गाईडलाईन और कोटा को लेकर देश भर में चल रही नेगेटिव कैंपेनिंग के बीच रविवार को घोषित जी एडवांस्ड के रिजल्ट में कोटा के कोचिंग संस्थानों ने एक बार फिर अपने परिणामों से देश भर को इसका जवाब दिया है।

खुशी की बात किया है कि इस बार के रिजल्ट की घोषणा के बाद कोचिंग सेक्टर के संचालकों ने कोटा के कोचिंग सेक्टर को लेकर चलाई जा रही नेगेटिव कैंपेनिंग पर सवाल खड़े किए हैं। इसके साथ ही कोटा में रहकर सफलता हासिल करने वाले कोचिंग छात्रों केअभिभावकों कोचिंग छात्रों के अभिभावकोंका कोचिंग छात्रों के कोचिंग स्टूडेंट के अभिभावकों का भी यह मानना है कि कोटा के लिए जो नेगेटिव कैंपेनिंग की जा रही है वह गलत है।

अभिभावको ने आज कोटा के एलन कोचिंग इंस्टिट्यूट में आयोजित यह कार्यक्रमों में पत्रकारों से सामूहिक रूप से कहा कि कोटा को लेकर जो कैंपेनिंग चलाई जा रही है वह गलत है। पेरेंट्स को बच्चों को लेकर हमेशा प्लान बी और सी रखना चाहिए। बच्चों को प्रेशर में नहीं रखना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की कोचिंग को लेकर नई गाईडलाइंस और नेगेटिव कैंपेनिंग के चलते इस बार कोटा में कोचिंग स्टूडेंट की संख्या पर प्रभाव पड़ रहा है।

इस समय कोटा का कोचिंग सेक्टर कोटा की लाइफ लाइन है और इस पर पड़ने वाला प्रभाव पूरे शहर को प्रभावित करता है। इन सब विपरीत परिस्थितियों में कोटा के कोचिंग सेक्टर में एक बार फिर अपने क्लासरूम से टॉप रैंक देखकर यह साबित कर दिया है कि आज भी कोटा इंजीनियरिंग और मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी श्रेष्ठतम स्थान रखता है।

कोटा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट वेद लाहौटी ने आल इंडिया टॉप किया है। वेद ने आईआईटी जेईई के 64 वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए सर्वाधिक पर्सेन्ट स्कोर प्राप्त करने का इतिहास रचा है। आईआईटी मद्रास की ओर से जारी जेईई-एडवांस्ड 2024 के नतीजों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं।

अब तक देखे गए परिणामों में एलन के टॉप-10 में 4 क्लासरूम कोचिंग स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है। इसमें रैंक 4 पर रिदम केड़िया, रैंक 6 पर राजदीप मिश्रा, रैंक 7 पर द्विजा पटेल हैं।निदेशक राजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के 7 वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट वेद लाहोटी ने आईआईटी-जेईई परीक्षा के 64 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉप रैंक प्राप्त की है। वेद ने 360 मे से 355 अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार एलन की क्लासरूम स्टूडेंट द्विजा पटेल ऑल इंडिया रैंक 7 के साथ ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर रही है। वेद लाहोटी एवं द्विजा पटेल को आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने फोन कर सफलता के लिए बधाई दी। परिणाम जारी होने के साथ ही कॅरियर सिटी कोटा में जोश और उत्साह का माहौल है।

राजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन श्रेष्ठता में विश्वास रखता है। श्रेष्ठ माहौल, श्रेष्ठ फैकल्टीज के साथ स्टूडेंट्स के साथ का नतीजा ही श्रेष्ठ परिणाम होते हैं। सात वर्षों से एलन के क्लासरूम स्टूडेंट वेद लाहौटी ने ऑल इंडिया टॉप किया है। इसके साथ ही टॉप-10 में एलन के चार क्लासरूम स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व 2014 में चित्रांग मूर्दिया, 2016 में अमन बंसल ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की।

एलन ने सर्वाधिक अंकों का अपने ही स्टूडेंट का रिकॉर्ड तोड़ा है। वेद की जीत को देखें तो केंद्र की नई गाईडलाईन को संदेह के दायरे में पहुंचा देती हैं।

केंद्र सरकार की नई गाईडलाईन है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को कोचिंग में नहीं पढ़ाया जा सकता। लेकिन वेद कोटा में पढ़ना चाहता था। वेद ने एलन टैलेंटेक्स एग्जाम कक्षा 6 में दिया और इसके साथ ही एलन में एडमिशन भी लिया। कक्षा 10 पास के बाद कोटा आना है यह तय कर लिया था।

कोटा के बारे में बहुत सुना हुआ था। यहां का कॉम्पीटिशन और यहां की पढाई को लेकर वेद बहुत इच्छा रखता था, इसे देखते हुए ही एलन कोटा में पढ़ाई शुरू की। कोटा में जो सुना था उससे भी अच्छा पाया। यहां का माहौल, सुविधाएं और फैकल्टीज का स्तर बहुत अलग पाया।

वेद इसे अपना लक्ष्य पूरा करने में सबसे बड़ा निर्णय मानता है। अब ऐसे में सवाल या खड़ा होता है कि केंद्र सरकार ने जो नई गाईडलाइंस बनाई हैं वह कहीं बच्चों के एजुकेशन सिस्टम को तो प्रभावित नहीं कर रही।

# बाल संरक्षण में समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण : पुलिस अधीक्षक

**रावतभाटा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक चित्तौडगढ सुधीर जोशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ, चित्तौडगढ मुकेश सांखला के मार्गदर्शन में सोमवार को सामुदायिक पुलिसिंग समूहों के सदस्यों की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सभागार इन्दिरा गांधी चित्तौडगढ में किया गया। कार्यशाला के आयोजन में उदयपुर रेंज पुलिस और युनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत तकनीकी सहयोग उपलनब्ध कराया गया।

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी जी ने जिले के सभी पुलिस थानों पर चयनित पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों, सुरक्षा सखियों, सीएलजी सदस्यों तथा शांति समिति के सदस्यों के साथ जनप्रतिनिधियों को पुलिस परिवार का भाग बताते हुए राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जिले में बालकों से संबंधित मुख्य समस्याओं के बारे में जानकारी देकर बताया कि वर्तमान में बाल नशावृति, बाल श्रम, यातायात नियामें की अनदेखी और बाल विवाह जैसी समस्याए देखने को मिलती है। उन्होने समुदाय पुलिस सदस्यों को पुलिस का सहयोगी बताते हुए वर्तमान समय में व्याप्त मुख्य समस्याओं जैसे यातायात नियमों की अवहेलना, नशावृति, साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रोकने में जागरूकता के लिए प्रयासों हेतु आग्रह किया।

कार्यशाला में बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा डॉ0 प्रियंका पालीवाल ने किशोर न्याय अधिनियम में परिभाषित देखरेख एवं सरंक्षण की आवश्यकता वाले बालकों तथा विधि से संघर्षरत बालकों के बारे में उपस्थित समुदाय सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होने समुदाय समूहों को पुलिस और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कडी बताते हुए थाना क्षेत्रों में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की सूचना पर पुलिस व बाल कल्याण समिति को अवश्य बताए। उन्होने राज्य सरकार द्वारा अनाथ बच्चों के परिवार में पुर्नवास के लिए संचालित फोस्टर केयर योजना के बारे में जानकारी देते हुए ऐसे बच्चों के बार में भी समिति को देने के लिए आग्रह किया। उन्होने विशेषकर बालिका सुरक्षा पर समुदाय और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिले में स्कूलों और गृहों में बालकों के साथ सुरक्षा संबंधित परामर्श देने के लिए निवेदन किया।

कार्यशाला में युनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार सिन्धु बिनुजीत कार्यशाला के बारे में सक्षिप्त जानकारी देते हुए पुलिस मित्रों, गाम रक्षकों तथा सुरक्षा सखियों को आमजन एवं पुलिस के मध्य की महत्वपूर्ण कडी बताया। उन्होने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सदस्यों को अपने संबंधित क्षेत्रों में बालको से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता के लिए आग्रह किया। उन्होने स्कूलों और विद्यालयों में बाल संरक्षण संबंधित विषयों जैसे लैंगिक दुर्व्यवहार, बाल विवाह, साइर अपराध आदि के बारे में जागरूक करने के लिए सम्मिलित प्रयासों के बारे में बताया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ, चित्तौडगढ़ मुकेश सांखला द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा समुदाय पुलिस के सदस्यों को संबोधित करते हुए बालकों के संबंध में ऑनलाईन सुरक्षा के मामलों में समुदाय और परिजनों को ध्यान देने और किसी भी प्रकार का ऑनलाईन अपराध घटित होने की स्थिति में त्वरति रूप से पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। वृत्ताधिकारी चित्तौड़गढ़ तेज कुमार पाठक द्वारा प्रतिभागियों को किशोर वर्ग में यातायात नियमों की पालना को सुनिश्चित करने के लिए समाज एवं समुदाय के स्तर पर जागरूकता के लिए प्रयास करने के सुझाव देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यशाला में जिले के सभी पुलिस थानों पर चयनित ग्राम रक्षक, सीएलजी सदस्य, शांति समिति के सदस्य, पुलिस मित्रों तथा सुरक्षा सखियों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में जिले के सभी पुलिस थानों पर चयनित सामुदायिक पुलिस के सदस्य एवं पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम के आकाश उपाध्याय सहित 150 से ज्यादा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 'खाली पड़े भूखंडों के मालिकों को नोटिस दें'

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। निर्देश दिए कि लंबे समय से खाली पड़े भूखंडों के मालिकों को नोटिस दिए जाएं। ऐसे भूखंड जहां पानी भराव के कारण लार्वा पाया गया है, ऐसे भूखंड मालिकों के चालान बनाए जाएं। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागीय अधिकारी विशेषकर बिजली, पानी से संबंधित विभाग आमजन द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। व्यवस्थाएं सुचारू रहें इसके लिए सघन मॉनिटरिंग की जाऐं। जिला कलक्टर ने आगामी दिनों शुरू होने वाले पौधारोपण अभियान की विस्तार से जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी विभाग इस अभियान में अपनी सशक्त भागीदारी निभाएं। उन्होंने विभन्न विभागों को आवंटित किए गए लक्ष्यों की जानकारी लेकर पौधारोपण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न केवल नए पौधे रोपे जाएं बल्कि उनका रख-रखाव भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुराने पेड़ों को भी नष्ट होने से बचाया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य के अनुसार सहजन के पौधों का रोपण किया जाए। अन्य विभागों को भी पौधारोपण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गऐं। अतिरिक्त कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने बताया कि कर्मयोगी पोर्टल पर सभी विभागों द्वारा पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अतः सभी विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 को


**कोटा,** (निसं)। श्री वैष्णव अग्रवाल मोमियान पंचायत की ओर से 30 जून को अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन अग्रसेन सभागार राधाकृष्ण मंदिर के पास तलवंडी कोटा पर आयोजित किया जाएगा। जिसके फॉर्म का विमोचन सोमवार को नरेंद्र गोयल की अगुवाई में संजय गोयल, परमानंद गर्ग, महेश मित्तल, कमल महेंद्र मित्तल मठवाला, श्यामसुंदर गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि पंजीयन फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। संस्था द्वारा आज की आधुनिक जीवन शैली, शिक्षा एवं औद्योगिक क्षेत्र मे आई नई क्रांति के चलते वैवाहिक सम्बन्धों में शादी अब 21 वर्ष से बढ़कर 28-30 वर्ष में होने लगे हैं।

# 'आचार्य राष्ट्र निर्माता है, आचार्य में नेतृत्व का गुण होना अत्यावश्यक है'

**कोटा,** (निसं)। विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा के तत्वावधान में महावीर नगर तृतीय स्थित स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा में सात दिवसीय 'पूर्ण आवासीय' नवीन आचार्य विकास प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को प्रारंभ हुआ।

वर्ग संयोजक सतीश कुमार गौतम ने बताया कि विद्या भारती का नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता श्रीनाथ मित्तल ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा प्रबंध समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गौतम रहे। मुख्य वक्ता महावीर गौतम ने कहा कि विद्या भारती में शिक्षक को आचार्य के नाम से जाना जाता है। आचार्य राष्ट्र निर्माता है। अतः आचार्य में नेतृत्व का गुण होना अत्यावश्यक है। हमारा भवन, शिक्षा सामग्री आदि कितनी भी अच्छी क्यों ना हो, लेकिन शिक्षक अच्छा नहीं है, तो कुछ भी नहीं है। गुरुकुल काल में आचार्य के प्रति बहुत श्रद्धा थी। गुरु द्वारा जो ज्ञान सिखाया उसे शिष्य अपने जीवन में उतारता था। गुरु के प्रति श्रद्धा का भाव हमारी संस्कृति रही है। अच्छा शिक्षक वही है, जो पूर्ण तैयारी के साथ कक्षा में जाए। विषय की पूर्ण जानकारी आचार्य को होना चाहिए। हमारे औपचारिक संबंध सभी से रहते हैं, लेकिन अनौपचारिक संबंध भी हमारे सभी से रहने चाहिए।

नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के प्रबंध प्रमुख डॉ.महेश शर्मा प्रधानाचार्य उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर तृतीय कोटा ने बताया कि वर्ग में चयन प्रक्रिया से चयनित आचार्य और दीदियों का प्रशिक्षण वर्ग 9 जून सायं से 16 जून प्रातः तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें नवीन आचार्य, दीदियों को बालकों के विकास में आचार्य की भूमिका, शिशु का सर्वांगीण विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विद्या भारती की रीति नीति, अभिभावक संपर्क, सहशैक्षिक गतिविधियां, छात्र-आचार्य दैनंदिनी का उपयोग, आचार्य के गुण आधारभूत विषय, उत्सव जयंती नेतृत्व कौशल, भाषा शिक्षण लेखन एवं गृह कार्य जांच, अंग्रेजी स्पोकन आदि विषयों का प्रशिक्षण आचार्य, दीदियों को दिया जाएगा। मंच का परिचय डॉ.महेश शर्मा (प्रबंध प्रमुख) ने कराया तथा संचालन बौद्धिक प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने किया।

# जेईई एडवांस्ड रिजल्ट में रेजोनेंस के टॉप 100 में तीन विद्यार्थी

**कोटा,** (निसं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विख्यात रेजोनेंस संस्थान के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2024 परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। संस्थान के विद्यार्थी ईशान गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 31, अभयसिम्हा ने ऑल इंडिया रैंक 53 और हुन्डेकर विदित ने ऑल इंडिया रैंक 63 प्राप्त करके अपना, अपने परिजनों का और संस्थान का गौरव बढ़ाया।

इसके अलावा संस्थान के विद्यार्थी निहार राव ने ऑल इंडिया रैंक 182, प्रणव ने ऑल इंडिया रैंक 205, रितम बनर्जी ने 226, गीतांश बंसल 282 सुभाजित दास 467, शिथिक्ष ने 576, यशवर्धन ने 611 (ओबीसी – 83), मुदित गोयल ने 695, सौरभ पांडे 723, दीपक 782, लिखित तमन्ना 759, सयन मंडल 771 (एससी-11), नीतीश ने 772, सागरिका सिन्हा 809, प्रवीण 814, मयंक अग्रवाल 821, पार्थ मालव 938, आदित्य नारायण 941, अर्णव पंडित 965, मुथु ने 973वीं रैंक प्राप्त की। इसके अलावा संस्थान के विद्यार्थी मयंक मीणा ने एसटी कैटेगरी में 17वीं रैंक प्राप्त की। इनके अलावा ऑल इंडिया रैंक 4 पर रहे विद्यार्थी रिदम केडिया एवं ऑल इंडिया रैंक 6 पर रहे विद्यार्थी राजदीप मिश्रा, आल इंडिया रैंक 89 पर रहे जयवीर सिंह ने भी संस्थान के प्री फाउंडेशन कैरियर केयर प्रोग्राम डिविजन में विभिन्न कक्षाओं में पढ़ाई की थी।



कोटा में रेजोनेंस कोचिंग के द्वारा रैंक हासिल करने पर अभिनंदन किया गया है।

संस्थान के प्रबंध निदेशक आरके वर्मा सर ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ की बैठक सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सरस डेयरी सभागार में डेयरी अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कोटा सरस डेयरी के दुग्ध उत्पादको के तौफा देते हुए उनके दुग्ध की दर में संघ ने 30 पैसे का ईजाफा किया है। अध्यक्ष चैनसिंह ने बताया कि दुग्ध देने वाले पशुपालकों के हितों में यह निर्णय उन्होने गर्मी ऋतु के प्रांरभ होते ही ले लिया था और आरसीडीएफ से भी इसकी पालना हेतु निर्णय पारित कर लिया था,आचार संहिता के चलते यह दरें लागू नही कि जा सकी है। उन्होने बताया कि डेयरी अब पशुपालकों से 7.20 रूपये के स्थान से 7.50 पैसे प्रति ली.की दर से दूध क्रय करेंगी। ऐसे में किसानो को प्रति लीटर 30 पैसे का मुनाफा होगा। एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि वर्तमान में संघ में प्रतिदिन औसतन 60 हजार लीटर दूध आ रहा हैं। गर्मी की ऋतु में दुग्ध की आवक कम हो जाती है।

## संभागीय आयुक्त ने जनसुनवाई की


कोटा संभागीय आयुक्त ने दीगोद में जनसुनवाई व निरीक्षण किया।

**कोटा** (निसं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने सोमवार को दीगोद का दौरा कर उपखंड कार्यालय, पीएचसी का निरीक्षण किया तथा जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया।

संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई की जिसमें 18 परिवाद प्राप्त हुए। संभागीय आयुक्त ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने दीगोद में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कक्षों, दवा काउंटर, पंजीकरण आदि सभी व्यवस्थाओं को देखा। मरीजों के लिए ठंडे पानी, कूलर आदि व्यस्थाओं की जानकारी ली।

कूलरों में जंग लगी देख इन्हें दुरुस्त कराने तथा भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

मरीजों के साथ आने वाले लोगों को बैठने के लिए पृथक से व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। ग्राम पंचायत परिसर में उन्होंने पौधारोपण भी किया। संभागीय आयुक्त ने उपखंड अधिकारी कार्यालय का शैड्यूल्ड निरीक्षण कर कोर्ट में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

## उप महापौर ने आयुक्त को पत्र लिखा

**कोटा,** (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 की आदर्श आचार संहिता के दौरान हटाए गए व ढक दिए गए शिला पट्टो को पुनरू स्थापित करने की मांग की गई है। इसके लिए कई कांग्रेस पार्षद आगे आए हैं। राजस्थान में विधानसभा आमचुनाव 2023 की आदर्श आचार संहिता के दौरान कोटा शहर में हुए विकास, निर्माण कार्यों से सम्बंधित शिला पट्टों को ढक दिया था। वर्तमान में लोकसभा चुनाव 2024 भी समाप्त हो गए है, जिसके उपरान्त भी निर्माण कार्यों के शिलापट्टों को पूर्व की भांति नहीं किया गया है। उप महापौर सोनू कुरैशी ने आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर को पत्र लिखकर शिलापट्टों को पूर्व की भांति किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन शिलापट्टों को ढक दिया गया था उन्हें खाला जाए और जहां लगाए जाने हैं वहां लगाए जाए। इस मौक पर उषा ठाकुर, गोपाल दास, चेतना माथुर, रचना शर्मा, बशीर मोहम्मद, निशा गौतम, अमरनाथ शर्मा, महेन्द्र वर्मा, युनुस मोहम्मद, हरिओम सुमन, ललित एडवोकेट व कौशल्या सैनी सभी कांग्रेस पार्षदों ने भी सहमति जताई।

# टॉप 100 में आकाश इंस्टीट्यूट के 6 स्टूडेंट्स

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान से आकाश इंस्टीट्यूट के उज्जवल सिंह ने ऑल इंडिया रैंक 95 हांसिल कर रचा इतिहास जेईई एडवांस का रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया गया।

आकाश इंस्टीट्यूट ने जेईई मेन्स के बाद एडवांस में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जारी हुए रिजल्ट में आकाश इंस्टीट्यूट के 6 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने टॉप 100 में अपनी जगह बनाई है। राजस्थान से आकाश इंस्टीट्यूट के उज्जवल सिंह ने ऑल इंडिया रैंक 95 हांसिल कर इतिहास रच दिया।

उज्जवल आकाश इंस्टीट्यूट में जयपुर की सूर्या नगर ब्रांच के स्टूडेंट है उज्जवल आकाश इंस्टीट्यूट में 4 ईयर क्लासरूम स्टूडेंट हैं। उज्जवल से बात करने पर उनक कहना था की आकाश की टेस्ट सिरिज और ओवरऑल स्टडी मेटरियल बहुत ही अच्छा है, यहां फैकल्टी बहुत सपोर्टीव है। उज्जव ने जेईई की तैयारी करने वाले स्टूडेट के लिए मैसेज भी दिया है की आप अपनी पढाई को कंसिसटेंस रखे और टीचर्स से जितना हो सके डाउट पूछें। टॉप 100 से आकाश इंस्टीट्यूट के 6 स्टूडेंट ने ऑल इंडिया रैंक में अपनी जगह बनाई है जिसमें ऋषि शेखर शुक्ला ने 25वीं, कृष्णा साई शिशिर ने 67 वीं, अभिषेक जैन ने 78 वीं, हार्दिक अग्रवाल ने 93 वीं, उज्जवल सिंह ने 95 वीं और रचित अग्रवाल ने 98 वीं रैंक अर्जित की हैं। आकाश इंस्टीट्यूट राजस्थान की सभी ब्रांच में रविवार शाम को जेईई एडवांस के रिजल्ट के मौके पर स्टूडेंट्स औऱ फैक्लटी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा भी किया।


आकाश इंस्टीट्यूट ने जेईई एडवांस्ड की सफलता का जश्न मनाया।

आकाश इंस्टीट्यूट राजस्थान की रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने कहा कि ऐसा रिजल्ट कोई एक दिन की और किसी एक की मेहनत का नहीं, इसमें स्टूडेंट, फैकल्टी, पैरेंटस सभी की कड़ी मेहनत शामिल है सभी फैकल्टी, पैरेंटस और स्टूडेंट को बहुत बहुत बधाई।

# कोटा में ए.बी.वी.पी. का प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की गई नीट यूजी 2024 परीक्षा को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस परीक्षा में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर धांधलियों के आरोप लग रहे हैं। जिसमें कैंडिडेट से लेकर पेरेंट्स, शिक्षाविद और एक्टिविस्ट ये आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में राजनीति भी जमकर हो रही है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल नीट यूजी 2024 के मामले में सरकार पर हमलावर हो गए हैं। उन्हीं का अनुसरण करते हुए कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठन एनएसयूआई भी इसका जमकर विरोध कर रहा है। अभाविप भी सड़कों पर उतर आया है। अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सीबीआई जांच की मांग की। महानगर मंत्री पुलकित गहलोत के नेतृत्व में एनटीए का विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की गई। साथ ही इस परीक्षा में धांधली का आरोप भी लगाया गया। उनका कहना है कि इस परीक्षा में ग्रेसिंग मार्क्स के रूल को लागू करना गलत है। इससे कई कैंडिडेट्स को एमबीबीएस में एडमिशन नहीं मिल पाएगा और जिन कैंडिडेट की रैंक बढ़ गई है उन्हें इसका फायदा हो रहा है। एबीबीपी की महानगर सहमंत्री दीप्ति मेवाड़ा का कहना है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यशाली भी संदिग्ध नजर आ रही है। जब परीक्षा 5 मई को आयोजित हुई और 14 जून को परिणाम जारी होना था इसके बावजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन 4 जून को इसका रिजल्ट घोषित किया। समय से पहले रिजल्ट जारी करना ही संदेह के घेरे में आ रहा है। इसीलिए हर एक पहलू की जांचहोना काफी जरूरी है।

## सम्मान समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। प्रहरी फेमिली क्लब द्वारा क्लब की संरक्षिका, जानीमानी कवियत्री एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर मनोरमा सक्सेना 'मन' का सम्मान शानदार समारोह आयोजित कर किया गया।

प्रहरी संगठन के सचिव दीपक शर्मा ने बताया कि डॉ. मनोरमा सक्सेना मनु द्वारा देश और समाज से जुडे विभिन्न विषयों पर पचास से अधिक पुस्तकें लिखकर हिंदी में विशद साहित्य सृजन किया गया है। डॉ मनोरमा सक्सेना मनु ने श्रीरामचरित मानस पर अपना शोध कार्य कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी तथा इनके द्वारा रचित प्रहरी गीत को आज के समारोह मे स्वरलहरियो के साथ प्रस्तुत कर उन्हे सम्मान दिया गया। इससे पूर्व प्रहरी फैमिली के सदस्यों द्वारा उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुये मनोज शर्मा व कुसुम शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। प्रहरी क्लब के अध्यक्ष ए.ए.सागर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुयें क्लब के कार्यकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। डॉ.मनोरमा सक्सेना मनु ने अपने संबोधन मे कोटा प्रवास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि कोटा की धरा साहित्यिक गतिविधियों को आज भी समेटे हुए हैं।

# अनियमित जलापूर्ति को लेकर प्रदर्शन किया

**बूंदी** (निसं)। सोमवार को शहर के नैनवा रोड स्थित वार्ड 53, 54, 55 के लोगों ने अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। वार्ड 54 पार्षद समीर अंसारी के नेतृत्व में बडी संख्या में महिला पुरुष एकत्रित होकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। यहां अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के नहीं मिलने पर प्रदर्शनकारी नाराज हो गए और उन्होंने कार्यालय के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया।

अचानक लगे इस जाम से रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर कोतवाली थाना अधिकारी तेजपाल सैनी मय जाप्ते मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि जाम लगाने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। अधिकारियों के साथ बैठकर वार्ता करें तब जाकर समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने सहायक अभियंता नवीन नागर और कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जिंदल को बुलाकर प्रदर्शनकारियों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता करवाई।


शहर के नैनवा रोड स्थित वार्ड 53, 54, 55 के लोगों ने अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि एक दिन छोडकर एक दिन पानी की सप्लाई महज 20 से 25 मिनट हो रही है। जिससे पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। महावीर कॉलोनी में तीन पानी की टंकियां है, लेकिन उन्हे पूरा भरा नहीं जाता और हैं।

वाल भी ठीक से नहीं खोले जाते। इससे सप्लाई प्रेशर के साथ नहीं होती है। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा की रजत गृह कॉलोनी में प्रतिदिन डेढ़ से दो घंटा सप्लाई की जा रही है, यह भेदभाव शहर के लोगों के साथ किया जा रहा है। इस पर कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जिंदल ने कहा कि वार्ड 55 में रोजाना सप्लाई हो रही है लेकिन अब वहां भी हम एक दिन छोड़कर एक दिन सप्लाई करेंगे। लेकिन वह रजत गृह में प्रतिदिन होने वाली सप्लाई की बात को अनसुना कर गए।

■ बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने जाम लगाया

पार्षद समीर का कहना है कि महावीर कॉलोनी इलाके में वार्ड 53, 54 और 55 आते हैं। सबसे ज्यादा पानी की समस्या वार्ड 54 में है। यहां पानी की टंकी भी बनी हुई है। लेकिन पानी की टंकी को विभाग द्वारा पूरा नहीं भरा जाता है तथा पानी की सप्लाई प्रेशर से नहीं की जाती है, इससे ऊंचाई के हिस्सों पर पानी नहीं पहुंच पाता है।

उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया तो फिर से बडा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मोहम्मद अली टेलर, अजीम अंसारी बिल्लू, रईस अंसारी, मेहरून निशा, कालू भाई, रईस भाई सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## महापौर ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के क्षेत्र में वर्षा पूर्व नालों की सफाई का अभियान जारी है। कोटा उत्तर नगर निगम की महापौर मंजू मेहरा ने सोमवार को वार्ड नं. 60 के माला फाटक अजय आहूजा बस्ती क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद चेतना माथुर एवं सफाई सेक्टर के स्वास्थ्य निरीक्षक साथ थे। इस मौके पर वार्ड के स्थानीय जनकपुरी कॉलोनी के अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, अजय मीणा आदि गणमान्य लोगो ने महापौर मंजू मेहरा से भेंट की और जनकपुरी कॉलोनी की अन्य समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। इस पर महापौर ने मौके पर ही संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक को बुलाकर समस्या का निस्तारण करने के आदेश दिऐं। महापौर मंजू मेहरा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता हट चुकी है। अत: कोटा उत्तर नगर निगम बोर्ड की बैठक शीघ्र आयोजित किए जाने के संबंध में कोटा उत्तर नगर निगम के आयुक्त को कहा गया है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**बूंदी।** सडक सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्ट्रेट कक्ष में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात की दृष्टि से सुरक्षित बनें, इसके लिए उपाय सुनिश्चित किए जाएं। चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं खतरे की आशंका वाले डिवाइडर कट एवं अन्य स्थानों पर सुरक्षित यातायात के माकूल प्रबंध किए जाएं।


**खोया-पाया**

मेरे मकान नंबर 3-च-13, विज्ञान नगर कोटा के ओरिजनल डॉक्यूमेंट की फाईल कहीं गिर गई हैं। जिसे भी मिले निम्न पते पर संपर्क करें- गुलाबचंद गुप्ता S/O छीतरलाल गुप्ता, निवास: 3-च-13, विज्ञान नगर सेक्टर-3, कोटा मो. 7014211560

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना शादी पूर्व का नाम रोमा चावला से बदलकर शादी पश्चात नया नाम काव्या रावतानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-काव्या रावतानी पत्नी शैलेश रावतानी A 731 इन्द्राविहार कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम SHAHNAWAJ QURESHI से बदलकर नया नाम SHAHNAWAZ QURESHI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-SHAHNAWAZ QURESHI S/O ABDUL JABBAR 225 बुर्राक वाली मस्जिद श्रीपुरा कोटा

**आम सूचना**

मैं मेरे पक्षकार सोहन लाल शर्मा पुत्र स्व. श्री नाथू लाल शर्मा, उम्र 76 वर्ष, जाति ब्राह्मण निवासी 4 F 2 तलवण्डी कोटा से प्राप्त निर्देशानुसार निम्न सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ। यह कि सोहन लाल शर्मा व उनकी धर्म पत्नि श्रीमती अमोलक देवी के कुल तीन पुत्र-पुत्री है जो क्रमशः सुरेन्द्र उम्र 50 वर्ष, प्रवीण 48 वर्ष एवं सरोज 46 वर्ष है सभी विवाहित है। उक्त तीनो में से मेरे पक्षकार के दोनों पुत्र क्रमशः सुरेन्द्र कुमार जांगिड़ (पत्नी अशा शर्मा पुत्री अक्षिता, पुत्र कार्तिक) प्रवीण कुमार शर्मा (पत्नी रूबी शर्मा, पुत्र उदय, अभय) मेरे पक्षकार के कहने में नही है तथा मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी जो कि सीनियर सिटीजन तथा काफी वृद्ध है को हमेशा तंग (आर्थिक, मानसिक) करते रहते है। यह कि मेरे पक्षकार सोहन लाल शर्मा ने अपनी स्वअर्जित सम्पत्ति (अचल मकान नं. 4 F 2 तलवण्डी कोटा, चल - बैंक मे जमा राशि स्वर्ण-रजत आभूषण व अन्य) से अपने दोनो पुत्र क्रमशः सुरेन्द्र कुमार जांगिड़, प्रवीण कुमार शर्मा से हमेशा के लिये बेदखल कर दिया है और घोषणा कर दी है कि इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के पश्चात सुरेन्द्र कुमार जांगिड़, प्रवीण कुमार शर्मा से मेरे पक्षकार का कोई रिश्ता नही रहेगा। सुरेन्द्र कुमार जांगिड़, प्रवीण कुमार शर्मा द्वारा किये गये व्यवहारो से मेरा पक्षकार का कोई लेना देना नही है और न ही मेरे पक्षकार की स्वअर्जित सम्पति में से कोई भाग प्राप्त करने का अधिकार होगा।

भवदीय
एडवोकेट, चन्द्र प्रकाश दाधीच
मो. 9829685703

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा**

क्रमांक:-एफ/प्रन्यास/देव/2024/1112
दिनांक: 5.6.24

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक प्रन्यास चन्द्र देवालय चेरिटेबल ट्रस्ट गुलाबबाड़ी कोटा का प्रन्यासियों में परिवर्तन किया जाकर प्रन्यास के लेखों में इन्द्राज हेतु परिवर्तन की सूचना राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 के नियम 23 के अन्तर्गत प्रपत्र संख्या 8 में भरकर दिनांक 17.05.2024 को प्रस्तुत की गई है।

अत: उक्त प्रन्यास में हित रखने वाले व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन में अपनी आपत्ति कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा में प्रस्तुत करें, वाद समय गुजरने पर आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर के अधीन आज दिनांक 05.06.2024 को जारी की जाती है।

आगामी पेशी 09.07.2024

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा


## बी नेगेटिव एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज विनीता नागर की प्लेटलेट बेहद कम हो गई थी, उनके पति आनंद नागर बी नेगेटिव एसडीपी के लिए परेशान हो रहे थे, अंततरू आनंद अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और भुवनेश गुप्ता से मिले, देर रात का मामला होने पर काफी परेशानी हो रही थी। बी नेगेटिव ग्रुप होने से एसडीपी मिल पाना मुश्किल हो रहा था। रात को ही मैसेज वायरल किए गए। समाजसेवी दीप शर्मा ने जब मैसेज देखा तो वह स्थिति की गंभीरता को समझें और सीधे ब्लड बैंक पहुंचे और उन्होंने एक अनजान के लिए एसडीपी डोनेट की।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)**

क्रमांक :- ननिको(उ.)/जनस्वा./2024/01 - 11 दिनांक :- 07/06/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र के अन्तर्गत साईफन नाला सफाई कार्य एवं नाला सफाई हेतु कुशल बेलदार उपलब्ध कराने का कार्य करने हेतु पंजीकृत संवेदको से ई–निविदा पद्धति द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रकार कार्य की अनुमानित राशि निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.kotamc.org, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अनुमानित राशि 22,75,000/– रूपये।

UBN No.: DLB2425WSOB00109

राज.संवाद/सी/24/421

उपायुक्त-प्रथम
नगर निगम कोटा उत्तर

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद./जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/4076 दिनांक:-10.06.24

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री घनश्याम नागर पुत्र स्व.श्री मगन लाल निवासी भूखण्ड संख्या बी-509, इन्द्रा विहार आवासीय योजना कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या बी-509, इन्द्रा विहार आवासीय योजना कोटा क्षेत्रफल 167.17 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या बी-509, इन्द्रा विहार आवासीय योजना कोटा क्षेत्रफल 167.17 वर्गमीटर का स्वामित्व कार्यालय वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक रिको लि. कोटा द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक यू(16)-3(14-)8869-71 दिनांक 24.12.2002 से श्री मगन लाल पुत्र श्री किशन के नाम हस्तांतरित किया गया। श्री मगन लाल का देहावसान दिनांक 14.01.2006 को हो जाने के उपरान्त श्री मगन लाल के विधिक वारिसान श्री कंवर लाल पुत्र स्व.श्री मगन लाल, श्री रामेश्वर धाकड पुत्र स्व.श्री मगन लाल, श्रीमती मंजू नागर पत्नी श्री शीतल प्रसाद नागर पुत्री स्व.श्री मगन लाल, श्रीमती मुन्नी बाई पत्नी स्व.श्री भंवर लाल, दिनेश कुमार पुत्र स्व.श्री भंवर लाल, श्रीमती अनिता नागर पत्नी श्री मुकेश नागर पुत्री स्व.श्री भंवर लाल, श्रीमती सुनीता कुमारी नागर पत्नी श्री दिल बिहारी नागर पुत्री स्व.श्री भंवर लाल, श्रीमती राममूर्ती पत्नी स्व.श्री कन्हैयालाल, श्री देवेश कुमार नागर पुत्र स्व.श्री कन्हैयालाल एवं श्री सुनील कुमार नागर पुत्र स्व.श्री कन्हैयालाल ने जर्ये रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 18.03.2004 से उक्त भूखण्ड में से स्वयं का हक श्री घनश्याम नागर पुत्र स्व.श्री मगन लाल के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही कि जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2024/2705 **लोक सूचना** दिनांक:-10.06.2024

श्री संजीव भारद्वाज पुत्र श्री तिलकराज शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सत्संग भवन के पास बारां तह. व जिला बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर–कृषिक प्रयोजन (व्यवसायिक पेट्रोल पम्प प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :–

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | कल्याणपुरा | 570/152 | 0.23 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:- 989 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-10.06.2024

नगर विकास न्यास कोटा की योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन"का भूखण्ड/आवास संख्या 1043 श्री रामबाबू राठौर पुत्र श्री कन्हैया लाल को आवंटन/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 11.12.2009 के द्वारा आवंटन/विक्रय किया गया था। आवंटी श्री राम बाबू राठौर की मृत्यु दिनांक 29.11.2020 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान श्रीमती मंजू देवी पत्नि स्व.श्री राम बाबू राठौर द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, रिलीज डीड, वारिसान शपथ पत्र, आईडी इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस विक्रय स्वीकृति में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी हाने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1043 योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मंजु देवी पत्नी स्व.श्री रामबाबू राठौर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:- एफ-11/विक्रय/2022/710 **विज्ञप्ति** दिनांक:-10.06.2024

नगर विकास न्यास कोटा की योजना सुभाष नगर आवासीय भूखण्ड संख्या 859 आवंटन/न्यास के पत्र क्रमांक 670 दिनांक 22.04.1991 को श्री राजेश गांधी पुत्र श्री अमरनाथ गांधी को आवंटन किया गया था। उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री निरंजन देव कुमार द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस विक्रय स्वीकृति में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी हाने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 859 सुभाष नगर आवासीय की विक्रय स्वीकृति श्री राजेश गांधी पुत्र श्री अमरनाथ गांधी जर्ये मुख्तारआम श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री निरंजन देव कुमार के नाम जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:- एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1378 **विज्ञप्ति** दिनांक:-10.06.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना गोपाल विहार-I भूखण्ड संख्या 65 खसरा नं. 649 आवेदक/आवेदिका श्री गिरजा शंकर नन्दवाना पुत्र श्री देवरकन नन्दवाना निवासी 837–ए आर.के.पुरम कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तांतरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 7183 दिनांक 09.01.2012 को श्रीमती प्रेमवती पत्नि श्री शिवचरण शर्मा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 17.05.2024 को जर्ये मुख्तारआम श्री जोधराज पुत्र श्री प्रभू लाल द्वारा आवेदक के पक्ष में जारी किया गया।

अत: श्री गिरजा शंकर नन्दवाना पुत्र श्री देवरकन नन्दवाना के नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:- एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1374 **विज्ञप्ति** दिनांक:-10.06.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरखण्डी में स्थित कृषि भूमि योजना महालक्ष्मी टाउनशिप ब्लॉक–सी–2 खसरा नं.57 में स्थित भूखण्ड संख्या 7 आवेदक/आवेदिका श्री पुष्प कुमार गोवर पुत्र श्री बक्शी राम ग्रोवर व श्री गगन ग्रोवर पुत्र श्री पुष्प कुमार ग्रोवर निवासी 282 प्रताप नगर दादाबाडी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तांतरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 4820 दिनांक 01.10.2017 को श्री मथुरा लाल धाकड पुत्र श्री सुन्दर लाल धाकड के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2008 को वास्तुवेदिक कॉलोनाइजर एण्ड डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जर्ये निदेशक धनराज गुप्ता पुत्र श्री उत्तम चन्द खण्डेलवाल, पदमचन्द जैन पुत्र स्व.श्री लाभचन्द जैन एवं सत्येन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री करतार सिंह को किया गया था। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 02.05.2012 को श्रीमती निधि ग्रोवर पत्नि श्री पुष्प कुमार ग्रोवर व पुष्प कुमार ग्रोवर पुत्र श्री बक्शी राम ग्रोवर को किया गया। जिसका नामान्तरण आदेश क्रमांक 1062–63 दिनांक 24.06.2014 को जारी किया। सहक्रेता निधि ग्रोवर की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 23.06.2022 को हो चुकी है। निधि ग्रोवर द्वारा अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 22.02.2019 को श्री गगन ग्रोवर के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री पुष्प कुमार गोवर पुत्र श्री बक्शी राम ग्रोवर व श्री गगन ग्रोवर पुत्र श्री पुष्प कुमार ग्रोवर के पक्ष में नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:- एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1719 **विज्ञप्ति** दिनांक:-06.06.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी में स्थित कृषि भूमि योजना अटवाल नगर खसरा नं.197 में स्थित भूखण्ड संख्या 12 आवेदक/आवेदिका श्रीमती विनय लता चतुर्वेदी पत्नि स्व.श्री महेश चन्द चतुर्वेदी एवं धीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी पुत्र स्व.श्री महेश चन्द चतुर्वेदी निवासी 12 लिंक रोड अटवाल नगर पुलिस लाईन कोटा राज.द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तांतरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 7984 दिनांक 12.07.2010 को श्री रवि शर्मा पुत्र श्री आई.डी.शर्मा एवं श्री संजय अग्रवाल पुत्र श्री एन.के.अग्रवाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 17.01.2012 को महेशचन्द चतुर्वेदी पुत्र स्व.श्री चिरंजीलाल चतुर्वेदी को किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 6458 दिनांक 06.03.2012 से जारी किया गया। महेशचन्द चतुर्वेदी की मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार दिनांक 31.12.2022 को हो चुकी है। मृतक के वारिसान पत्नि विनय गुप्ता चतुर्वेदी पुत्री नीता चतुर्वेदी, सीमा चतुर्वेदी, पूजा चतुर्वेदी, पुत्र धीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी है। वारिसान नीता चतुर्वेदी, सीमा चतुर्वेदी, पूजा चतुर्वेदी द्वारा जर्ये रजि. हक त्याग पत्र दिनांक 30.05.2023 को आवेदको के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती विनय लता चतुर्वेदी पत्नि स्व.श्री महेश चन्द चतुर्वेदी एवं धीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी पुत्र स्व.श्री महेश चन्द चतुर्वेदी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

